विदेशी विज़िटर्स (आगंतुकों) तथा विद्यार्थियों के लिए फीस और शुल्क

ऑस्ट्रेलिया में, विदेशी विज़िटर्स और विद्यार्थियों को अपनी देखरेख की लागत का भुगतान करने की ज़रूरत होती है। नीचे दी गई फीस और शुल्क Royal Perth Hospital, Armadale Hospital, Bentley Hospital या Kalamunda Hospital में इलाज और/या सर्जरी के लिए आने वाले प्रत्येक उस विदेशी विज़िटर या विद्यार्थी के लिए लागू होते हैं जिसके पास वैध Medicare कार्ड नहीं है और जिसके पास गैर-ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट है।

अस्पताल की सेवा	फीस
एमर्जेंसी डिपॉर्टमेंट जाना	$295* से $2,090* *न्यूनतम भुगतान/जमा अपेक्षित
इनपेशेंट – उसी दिन	$2,366
इनेपेशेंट – रात भर	$2,778
रेडियोलोजी	आउटपेशेंट और एमर्जेंसी- $280 से शुरू होकर इनपेशेंट - अलग-अलग फीस
पैथोलोजी	आउटपेशेंट और एमर्जेंसी – अलग अलग फीस इनपेशेंट – अलग-अलग फीस
प्रास्थिसिस (कृत्रिम-अंग)	अलग-अलग फीस
आउटपेशेंट विज़िट	$280
फार्मास्यूटिकल्स	केवल एक कोर्स के उपचार के लिए, फार्मास्यूटिकल्स प्रति आइटम अधिकतम 31.60 डॉलर तक चार्ज किया जाता है।
क्लीनिशयन फीस, मेडिकल एवं सर्जरी संबंधी इलाज	चिकित्सीय व्यवसायी चिकित्सीय सेवाओं की ऑस्ट्रेलियन मेडिकल एसोसिएशन सूची में लागू वस्तु के 100 प्रतिशत का शुल्क लेते है।

विदेशी विज़िटर्स या विद्यार्थियों के लिए यह ज़रूरी है कि वे पासपोर्ट, इंश्योरेंस के विवरण और वैध क्रेडिट कार्ड दिखाएँ। कृपया ध्यान दें कि यदि आपको इनपेशेंट के रूप में भर्ती किया जाता है, तो हो सकता है कि अस्पताल आपकी देखरेख की लागत के लिए डिपॉज़िट रकम चार्ज करे।

कृपया ध्यान दें कि उन विदेशी विज़िटर्स के लिए फुटकर खर्च (अपनी जेब से दिया जाने वाला खर्च) उस परिस्थिति में भी लागू हो सकता है जिनके पास इंश्योरेंस हो क्योंकि हो सकता है कि उनकी इंश्योरेंस अस्पताल की उनकी सभी फीसों को कवर न करती हो। अपने इंश्योरर (बीमाकर्ता) के साथ इस बात की जांच करना आपकी अपनी जिम्मेदारी है।

इनपेशेंट संबंधी पूछताछ के लिए, कृपया ओवरसीज़ पेशेंट लैज़ॉन ऑफिसर (विदेशी रोगी संपर्क अधिकारी) से संपर्क करें; ई-मेल rph.oplo@health.wa.gov.au, फोन (08) 9224 3594 या मोबाइल 0404 894 083.

एमर्जेंसी डिपॉर्टमेंट से सम्बन्धित पूछताछ के लिए, कृपया ED पेशेंट लैज़ॉन ऑफिसर (ED रोगी संपर्क अधिकारी) से संपर्क करें; ई-मेल rph.edplo@health.wa.gov.au, फोन (08) 9224 3748 या मोबाइल 0404 894 045.

हर अन्य प्रकार की बिलिंग, इनवॉइस और भुगतान संबंधी पूछताछ के लिए, कृपया सीधे स्वास्थ्य सेवा सहायता (Health Service Support - HSS) से संपर्क करें। ई-मेल HSS.AccountsReceivable@health.wa.gov.au, फोन: 1300 367 132, फैक्स (08) 6444 5699 या डाक पता 81 St Georges Terrace, Perth WA 6000.

पारस्परिक स्वास्थ्य देखभाल समझौता (Reciprocal Health Care Agreement – RHCA)

RHCA उस परिस्थिति में अत्यावश्यक चिकित्सीय इलाज के खर्च को कवर करता है जब निम्नलिखित राष्ट्रों से विज़िटर्स ऑस्ट्रेलिया आते हैं: युनाइटिड किंग्डम (इसमें नॉर्दर्न आयरलैंड शामिल है), आयरलैंड गणराज्य, न्यू ज़ीलैंड, नीदरलैंड्स, बेल्जियम, फिनलैंड, नॉर्वे, स्वीडन और स्लोवेनिया। इटली और माल्टा के रोगी ऑस्ट्रेलिया आने के केवल पहले छ: महीनों के दौरान की कवर्ड होते हैं। रोगियों को तब तक बिल भेजा जाएगा जब तक कि हमें उनके पासपोर्ट की प्रति नहीं मिल जाती और हम उनकी RHCA पात्रता की पुष्टि नहीं कर लेते।

WA में स्वास्थ्य-देखरेख के लिए अन्य विकल्प

यदि आपको गैर-तात्कालिक देखरेख के लिए और अधिक किफायती विकल्पों की ज़रूरत है तो कृपया किसी GP क्लिनिक से संपर्क करें। ऑस्ट्रेलियाई सरकार की Healthdirect वेबसाइट www.healthdirect.gov.au/ आपके सबसे नजदीकी GP का विवरण प्रदान कर सकती है या वैकल्पिक तौर पर आप Healthdirect को 1800 022 222 पर फोन कर सकते/सकती हैं। यदि आपको पक्का पता नहीं है कि क्या आपकी समस्या गंभीर है या नहीं तो कृपया किसी डॉक्टर द्वारा जांच किए जाने के लिए एमर्जेंसी डिपॉर्टमेंट में रूके रहें।

विदेशी रोगी – आम पूछे जाने वाले सवाल

मैं विदेश से आ रहा/रही हूँ, क्या मुझे अपनी देखरेख के लिए भुगतान करना होगा?

ऑस्ट्रेलिया में आने वाले विदेशी विज़िटर्स के लिए यह ज़रूरी है कि वे अस्पताल में अपने इलाज के खर्च का भुगतान करें। इस परिस्थिति से छूट केवल निम्नलिखित परिस्थितियों में ही मिल सकती है:

- आपका मूल किसी ऐसे राष्ट्र से है जिसके साथ ऑस्ट्रेलिया का Reciprocal Health Care Agreement (पारस्परिक स्वास्थ्य देखभाल समझौता) है (नीचे दिया गया सवाल देखें)।
- आपके पास ऐसी इंश्योरेंस (बीमा) है जो आपकी देखरेख के संपूर्ण खर्च को कवर करेगी।
- आपको कॉमनवेल्थ मिनिस्टर ऑफ हेल्थ द्वारा Medicare के लिए पात्र घोषित किया गया है।

मुझसे कितना शुल्क लिया जाएगा?

फीस और शुल्क संबंधी जानकारी इस पुस्तिका के पिछले भाग में दर्शाई गई है।

मुझे पक्का पता नहीं है कि क्या मैं अपने इलाज का खर्च उठा सकता/सकती हूँ या नहीं, मुझे क्या करना चाहिए?

यदि आपको तात्कालिक या एमर्जेंसी (आपातिक) देखरेख की ज़रूरत है तो यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप किसी क्लीनिशियन द्वारा जांच किए जाने के लिए अस्पताल में रहें। हम समझते हैं कि इलाज का खर्च महंगा हो सकता है; ओवरसीज़ पेशेंट लैज़ॉन ऑफिसर (विदेशी रोगी संपर्क अधिकारी) आपके साथ भुगतान विकल्पों की चर्चा करने के लिए उपलब्ध है। यदि आपकी देखरेख तात्कालिक और महत्वपूर्ण नहीं है तो वैकल्पिक सस्ते स्वास्थ्य देखरेख विकल्प उपलब्ध हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार की Healthdirect वेबसाइट www.healthdirect.gov.au/ आपके सबसे नजदीकी GP का विवरण प्रदान कर सकती है या वैकल्पिक तौर पर आप Healthdirect को 1800 022 222 पर फोन कर सकते/सकती हैं।

मेरे इलाज का कितना खर्च मेरी इंश्योरेंस (बीमे) द्वारा उठाया जाएगा?

हो सकता है कि कुछ इंश्योरर (बीमाकर्ता) आपके इलाज के सभी खर्चों का भार न उठाएँ। यह पता लगाने के लिए कृपया अपने इंश्योरर के साथ जांच करें कि क्या आपसे फुटकर खर्च (आपकी जेब से होने वाले खर्च) का शुल्क लिया जाएगा या नहीं।

मुझे अपने बिल कब मिलेंगे?

हम कोशिश करेंगे कि आपको अपने बिल, जितनी जल्दी संभव हो, मिलें। जब आपको अस्पताल से डिस्चार्ज किया जाता है तो हम आंशिक भुगतान लेने में सक्षम होते हैं; परन्तु, हो सकता है कि यह आपके इलाज के पूरे खर्चे को कवर न करे तथा आपको आपके और बिल मिलें।

मैं अपनी देखरेख के लिए भुगतान कैसे कर सकता/सकती हूँ?

हमारे पेशेंट लैज़ॉन ऑफिसर (रोगी संपर्क अधिकारी) एमर्जेंसी डिपॉर्टमेंट में आपके आने के दौरान या अस्पताल में आपके रूकने के दौरान नकद, चेक या EFTPOS से भुगतान ले सकते हैं। वैकल्पिक तौर पर, जब आपको आपके बिल प्राप्त होंगे तो भुगतान के विकल्प आपको बताए जाएंगे।

क्या मुझे बहुत सी कागज़ी कार्यवाही करनी होगी?

अस्पताल में रूकने के दौरान आपको कम से कम कागज़ी कार्यवाही करनी होगी।

हो सकता है कि अस्पताल से डिस्चार्ज किए जाने के पश्चात आपको कुछ इनवॉइस मिलें जो आपको अपने इंश्योरर (बीमाकर्ता) को भेजने की ज़रूरत होगी या आपको खुद इनका भुगतान करना होगा। जो भी इनवॉइस आपको मिलेगी, उसमें उन संपर्कों की जानकारी दी जाएगी जिनसे इंश्योरेंस क्लेम के लिए पेपरवर्क भरने में फोन पर आप मदद ले सकते हैं।